**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**डाक विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1546**
**उत्तर देने की तारीख 04 दिसम्बर, 2024**

**उत्तर प्रदेश में नए डाकघर**

**1546. डॉ राजकुमार सांगवान :**

**क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :**

(क) क्या सरकार से उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों, विशेषकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में डाकघर, उप-डाकघर खोलने की मांग की गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उत्तर प्रदेश में कार्यरत डाकघरों, उप-डाकघरों, ग्राम डाकघरों की वर्तमान संख्या कितनी है;

(घ) डाक विभाग को सुदृढ़ एवं नया स्वरूप प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए जा रहे हैं;

(ङ) उत्तर प्रदेश के डाकघरों में विद्यमान रिक्तियों का श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है; और

(च) उपर्युक्त रिक्तियां कब तक भरी जाएंगी?

**उत्तर**

**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

(क) और (ख) देश में नए डाकघर खोले जाना एक निरंतर और सतत प्रक्रिया है। नए डाकघर, निर्धारित मानदंडों के आधार पर ऐसे क्षेत्रों में खोले जाते हैं, जहां उन्हें खोले जाना आवश्यक और औचित्यसम्मत हो। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 6830 डाकघर (प्रधान डाकघर,

उप-डाकघर और शाखा डाकघर) प्रचालनरत हैं, जिनमें डाक, वित्तीय और बीमा सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने के लिए वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान खोले गए 28 नए डाकघर भी शामिल हैं।

(ग) उत्तर प्रदेश में 17,953 डाकघर प्रचालनरत हैं, जिनमें 72 प्रधान डाकघर, 2463 उप डाकघर और 15418 शाखा डाकघर शामिल हैं।

(घ) देशभर के सभी विभागीय डाकघरों को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) आधुनिकीकरण परियोजना के तहत कम्प्यूटरीकृत कर नेटवर्क से जोड़ा गया है। देश के ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य कर रहे शाखा डाकघरों को डाक, वित्तीय और बीमा संबंधी लेन-देन कार्य ऑनलाइन रूप से करने में सक्षम बनाने हेतु मोबाइल उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अतिरिक्त, डाकघरों के माध्यम से आईपीपीबी, सीएससी, पासपोर्ट सेवा, आधार सेवा व डाक निर्यात केंद्र की सुविधा के साथ-साथ पार्सल डिलिवरी एवं स्पीड पोस्ट, पंजीकृत पत्रों/पार्सलों की डिलिवरी संबंधी सूचना का रीयल टाइम अपडेशन, ईएमओ और कैश-ऑन डिलिवरी जैसी अन्य सेवाएं भी प्रदान की जा रही हैं। डाक सेवाओं के बारे में जानकारी प्रदान करने और ग्राहकों के प्रश्नों के समाधान की सुविधा हेतु नागरिकों के लिए एकल विंडो इंटरफेस के रूप में इंडिया पोस्ट कॉल सेंटर की स्थापना की गई है।

(ङ) उत्तर प्रदेश के डाकघरों में मौजूदा रिक्तियों का श्रेणीवार ब्यौरा **अनुबंध** के रूप में संलग्न है।

(च) रिक्त पदों पर भर्ती एक सतत प्रक्रिया है और इस कार्य को विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी), सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा (एलडीसीई) एवं कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती के साथ-साथ जीडीएस ऑनलाइन नियोजन पोर्टल और संगत भर्ती नियमों में किए गए प्रावधानों के अनुसार डाक सर्कलों द्वारा भी नियमित रूप से किया जा रहा है।

**<u>अनुबंध</u>**

**'उत्तर प्रदेश में नए डाकघर' विषय के संबंध में दिनांक 04 दिसम्बर, 2024 के लोक सभा के अतारांकित प्रश्न सं. 1546 के पैरा (ङ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

| **श्रेणी** | **स्वीकृत पद** | **कार्यरत कार्मिकों की संख्या** | **रिक्त पद** |
|---|---:|---:|---:|
| एचएसजी-I डाकघर | 229 | 55 | 174 |
| एचएसजी-II डाकघर | 848 | 524 | 324 |
| एलएसजी डाकघर | 2924 | 2307 | 617 |
| पीए/एसए | 7435 | 7383 | 52 |
| बीपीएम | 15419 | 12082 | 3337 |
| एबीपीएम | 17613 | 12702 | 4911 |
| डाक सेवक | 4900 | 3722 | 1178 |
| **कुल** | **49368** | **38775** | **10593** |

*****